>

Title: Regarding floods in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदया, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मध्य प्रदेश में पिछले दिनों भीषण बारिश से 13 जिलों में भयंकर बाढ़ की स्थिति पैदा हो गयी। अब तक वहां पर 25 से ज्यादा ज्यादा लोग मारे गये, 106 गांव प्रभावित हुए हैं। वहां पर होशंगाबाद, सिरोह, रायसेन, हरदा, देवास, बरवानी, खरगोन जिलों में अभी भी स्थिति गम्भीर है। मुख्यमंत्री जी तो सभी जगह गये हैं। राहत और बचाव कार्य भी वहां बहुत तेज गति से चालू है। सेना को भी बुलाना पड़ा। वहां पर फसलों को बहुत भारी नुकसान हुआ है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि जिन जिलों में बाढ़ आयी है, वहां पर केन्द्रीय अध्ययन दल जाये और जिन फसलों और मकानों का नुकसान हुआ है, उसका आंकलन करे और तत्काल मध्य प्रदेश को राहत राशि देने का काम करे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदया :

श्री वीरेन्द्र कुमार अपने आपको श्री गणेश सिंह जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।